
# इंटरनेशनल फिल्म सिटी के साथ यीडा क्षेत्र में डिज्नीलैंड बनाएंगे फिल्म निर्माता बोनी कपूर

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा**

यमुना प्राधिकरण ने गुरुवार को इंटरनेशनल फिल्म सिटी निर्माण को विकासकर्ता कंपनी बेव्यू भूटानी इंटरनेशनल फिल्म सिटी प्रा.लि. को सेक्टर 21 में 230 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी। प्राधिकरण कार्यालय में यीडा सीईओ डा.अरुणवीर सिंह ने कंपनी चेयरमैन बोनी कपूर को भूमि का कब्जा पत्र सौंपा। बोनी कपूर ने फिल्म सिटी के साथ डिज्नीलैंड व 18 होल गोल्फ कोर्स बनाने की इच्छा जताई। इसके लिए भूमि दिलाने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को दिया जाएगा। फिल्म सिटी में तीन साल में शूटिंग शुरू होगी। मार्च अंत या अप्रैल के पहले सप्ताह में फिल्म सिटी का शिलान्यास होगा।

बोनी कपूर ने कहा कि वह मेरठ के रहने वाले हैं। प्रदेश से उनका खास लगाव है। उत्तर प्रदेश संस्कृति से समृद्ध है। उनके पास सात फिल्में हैं, जिनका निर्माण होना है। उधर, सीईओ डा.अरुणवीर सिंह ने बताया कि विकासकर्ता कंपनी की 10 मार्च को बोर्ड बैठक होगी। इसमें मानचित्र को स्वीकृति दी जाएगी। इसके बाद यीडा की स्वीकृति के लिए कंपनी आवेदन करेगी।



बोनी कपूर।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल की शुरुआत में करेंगे शिलान्यास**

**230** एकड़ फिल्म सिटी की जमीन का लिया कब्जा

**3** साल में फिल्म सिटी होगी शुरू, बोनी कपूर करेंगे शूटिंग

बोनी कपूर ने कहा कि फिल्म सिटी अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्म निर्माण की सुविधाओं के साथ विकसित होगी। इसके लिए उन्होंने कई देशों में फिल्म सिटी को देखा व उसकी जानकारी ली है। उनकी खूबियां फिल्म सिटी में होंगी। फिल्म निर्माताओं को लुभाने व लागत घटाने को फिल्म निर्माण से जुड़े कर्मियों को यहीं तैयार किया जाएगा। इसके लिए फिल्म सिटी में फिल्म इंस्टीट्यूट शुरू होगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। फिल्म निर्माताओं को 50 प्रतिशत तक कम लागत पर शूटिंग की सुविधा दी जाएगी। कई विदेशी कंपनियों से इस बारे में बात हो चुकी है। तीन साल में फिल्म निर्माण संबंधी सुविधाएं विकसित होंगी। आठ साल में फिल्म सिटी पूरी तरह से विकसित होगी। इसमें फिल्म निर्माण के लिए स्टूडियो समेत अन्य सुविधाएं, होटल, माल, व्यावसायिक काम्प्लेक्स आदि होंगे।